महानायक के महाप्रसाद का आयोजन, हजारों की संख्या में पहुंचे उनके चाहने वाले

किसी ने महानायक, किसी ने युग पुरुष तो किसी ने कर्मयोगी कहा पद्मश्री स्वा डॉ. बीके जैन को

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 मार्च, परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ बुधेन कुमार जैन(बी के जैन) ने 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे चित्रकूट की पावन धरती पर अंतिम सांस लेते हुए सबको अलविदा कहकर अपने आपको प्रभु चरणों में समाहित कर लिया.

उनके इस अन्नत यात्र से समूचे विंध्य सहित देश में शोक की लहर दौड़ गई। जिस पवन भूमि पर उन्होंने अपना जीवन सेवा और समर्पण पर लगाया उसी भूमि पर उन्होंने अपने को समाहित भी कर लिया।

डॉ जैन किसी के परिचय के मोहताज नहीं थे,बल्कि अपने आप में ओ खुद एक पहचान थे- डॉ जैन एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने नेत्र चिकित्सक के रूप अपनी सेवा और समर्पण के जरिए देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के नाम की एक अलग ही पहचान बनाई है। डॉ जैन 1974 से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जुड़े और पांच दशकों से ऊपर तक गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का काम किया । 1948 में जन्मे डॉ जैन की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय विद्यालय व्यंकट क्रमांक सतना में हुई,इसके बाद 1968 से 1973 तक एस एस मेडिकल कॉलेज रीवा से हुई इसके बाद 1977 से 1979 तक पी जी की शिक्षा उन्होंने मुंबई से प्राप्त की थी डॉ जैन वर्तमान ढ्ढद्धद्बह्य रायपुर के अध्यक्ष थे ।आपको बता दें कि अंधत्व निवारण एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए विगत पांच दशकों में वह पद्मश्री से लेकर कई राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

देश विदेश में सैकड़ों अवॉर्ड किया अपने नाम- वर्ष 1996 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए 'ढान्ढा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसके बाद वर्ष 2003 में उन्हें 'फिरदौसी अवार्ड' मिला। 2004 में मुंबई में आयोजित आई एडवांस सम्मेलन में उन्हें सामुदायिक नेत्र चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य हेतु 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया। वर्ष 2005 में लंदन स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर आई हेल्थ के भारतीय पूर्व छात्रों द्वारा उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा कार्य' के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2007 में उन्हें 'आर. के. सेठ मेमोरियल अवार्ड' 2008 में 'ग्लोरी ऑफ इंडिया अवार्ड' प्राप्त हुआ। 2010 में अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सम्मेलन (AIOS) में उन्हें 'सामुदायिक सामाजिक पुरस्कार' और ग्रामीण समुदाय में उत्कृष्ट नेत्र सेवा के लिए 'के. आर. दत्ता पुरस्कार' से नवाजा गया। 2013 उनके लिए सम्मान से भरा वर्ष रहा, जब उन्हें 'समाज रत्न अवार्ड', विजन 2020 द्वारा 'श्री धर्मसी नेनसी ओमान अवार्ड', 'डॉ. एम.सी. नाहटा – राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा पुरस्कार' एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी (APAO) द्वारा 'अंधत्व निवारण में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार' प्रदान किए गए। 2014 में उन्हें '5वां वार्षिक स्पिरिट ऑफ ह्यूमैनिटी अवार्ड' ,तमिलनाडु नेत्र चिकित्सक संघ द्वारा 'सामुदायिक नेत्र चिकित्सा व्याख्यान सम्मान' प्राप्त हुआ। वर्ष 2016 में उन्हें 'डॉ. जे. एल. शर्मा अवार्ड', इंडियन सोसाइटी ऑफ कॉर्निया एंड केराटो-रिफ्रैक्टिव सर्जन्स द्वारा 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड', 'पद्मश्री प्रोफेसर. टी. पी. लहाने ओरिएंटेशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

2017 में उन्हें विजन 2020 का 'श्री एस. एन. शाह पुरस्कार', IIRIS वार्षिक सम्मेलन में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड', MSICS को बढ़ावा देने के लिए 'एक्सीलेंस इन ऑप्थाल्मोलॉजी अवार्ड' प्राप्त हुआ। 2018 में उन्हें AIOS द्वारा 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' 2019 में 'भारत भूषण सम्मान' से सम्मानित किया गया। भगवान महावीर फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा 24वां 'महावीर पुरस्कार' प्रदान किया गया। डॉ. गुल्लापल्ली राव एंडोवमेंट अवार्ड' भी प्राप्त हुआ। 2023 में इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी (IJO) द्वारा उन्हें "भारतीय नेत्र चिकित्सा के जीवित किंवदंती (Living Legend in Indian Ophthalmology)" के रूप में मान्यता दी गई, और उनके सम्मान में पत्रिका ने अपना मुखपृष्ठ और एक विशेष संपादकीय उन्हें समर्पित किया। 2025 अप्रैल में गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर द्वारा डी.लिट् की मानद उपाधि दी गयी. 2025 मई में इंडियन विजनरी अवार्ड से गोल्डन स्पैरो संस्थान ने पुरुस्कृत किया गया. चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री 27 मई 2025 महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सम्मानित किया गया और जून 2025 में हिपोक्रेट्स लगेसी अवार्ड से दिल्ली में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा नवाजा गया।

सेवा, समर्पण, विश्वास ने उन्हें बनाया महानायक

डॉ जैन ने अपने जीवन में आत्म अनुशासन, आत्म समर्पण और आत्म विश्वास को उतारा और उनकी यही सोच ने श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट को जीरो से हीरो तक पहुंचाने का काम किया और उनके आत्म त्याग और समर्पण ने महानायक बना दिया। और उन्हीं की स्मृति में 13 मार्च को रघुवीर मन्दिर जानकी कुंड में महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकूट के सभी संत महंत, जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण, समस्त ट्रस्टीगण, समस्त गुरु भाई बहन,समस्त सदगुरु परिवार के सदस्यगण अन्य गणमान्य नागरिक एवं चित्रकूट क्षेत्र सहित देश के कोने कोने से हजारों की संख्या में उनके चाहने वाले पहुंचे और उस महानायक के महाप्रसाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

अपने पीछे छोड़ गए भरा पूरा परिवार

वहीं डॉ जैन की धर्म पत्नी ऊषा जैन भी मानव सेवा,गौ सेवा और महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के काम अपनी सेवा संस्थान में महिला, शिक्षा समिति की अध्यक्षा के रूप में देती है, डॉ जैन दो पुत्रों के पिता थे बड़े पुत्र जिनेश जैन है और छोटे डॉ इलेश जैन है, डॉ इलेश जैन श्री सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी एवं वर्तमान में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के सी ई ओ के पद पर तैनात है और बखूबी अपने पिता डॉ जैन के पद चिन्हों पर चलकर अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वाहन करते हुए श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट को नया आयाम देने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहते है, डॉ जैन की दो बहुएं बड़ी श्रुति जैन छोटी मौसम जैन है, डॉ जैन के तीन पौत्र और एक पौत्री है प्रियांश जैन, निर्वाण जैन,अर्णव जैन और अरिहा जैन। वहीं इस महाप्रसाद आयोजन में आए सभी सम्मानित अतिथियों का डॉ जैन के परिवार ने एवं समस्त सदगुरु परिवार ने आभार व्यक्त किया।

गर्मी से पहले पेयजल संकट से निबटने की तैयारी तेज

नवभारत न्यूज

सतना 13 मार्च, ग्रामीण अंचलों में हर वर्ष गर्मी का मौसम आते ही गांव गांव में पेयजल संकट गहराने लगता है। जिसको देखते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था पर काम शुरू करने के उद्देश्य से उचेहरा एसडीएम सोमेश द्विवेदी ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में जनपद सीईओ ओपी अस्थाना की मौजूदगी में समस्त पंचायत सचिव ,रोजगार सहायक,इंजीनियर, पीसीओ, एडीओ की बैठक लेकर ग्रीष्म कालीन पेयजल समस्या से निपटने के लिए पंचायत वार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सचिव रोजगार सहायकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि बंद पड़े हैंडपंप, पाइप की कमी,मरम्मत सहित तकनीकी कारणों से बंद हैंडपंप की जानकारी 2 दिवस में बना कर उपलब्ध कराए जिससे समय पर पीएचई विभाग के माध्यम से उन्हें हर हाल में सुचारू रूप से चालू कराया जा सके। किसी गांव में किसी प्रकार का जल संकट न हो इसके लिए आवश्यक रूप से प्लान बना कर कार्य किया जाएगा।जनपद सीईओ ओपी अस्थाना ने कहा है कि आम जन को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसमें किसी प्रकार की लारवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से एपीओ मनीषा कुरील, उपयंत्री राकेश ताम्रकार,बीसी अगम दास पटेल,लक्ष्मीकांत तिवारी, एडीओ बद्री पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह,निशा साहू,प्रभांशु शुक्ला पंचायत सचिव तरुण मिश्रा, छकौडी लाल सिंह, राममिलन सेन,अरविंद तिवारी,प्रमोद सिंह,विनोद सिंह,सरस्वती चरण सोनी, पूजा गौतम,गुरु प्रसाद द्विवेदी, विनय तिवारी,सहित पंचायती अमला उपस्थित रहा।

सतना – सेमरिया मार्ग का टेंडर पास, फिर भी नहीं शुरू हुआ निर्माण

नवभारत न्यूज

कोटर 13 मार्च, सतना – सेमरिया मार्ग की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। करीब 25 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये का टेंडर पास होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा अब तक काम शुरू नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है.

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिसके कारण रोजाना राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में तब्दील होने की वजह से आये दिन हादसे हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि जब सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है और टेंडर भी जारी हो गया है तो फिर निर्माण कार्य शुरू करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सतना सेमरिया मार्ग का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, ताकि आम जनता को खराब सड़क से हो रही परेशानी से राहत मिल सके.

तीन वर्षों से खराब है सड़क

सतना सेमरिया रोड तीन वर्षों से सड़क मार्ग खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे गढ़ों में तब्दील हो चुकी है सडक।

25 किलोमीटर सफर में लगता है 2 घंटे का समय

वाहन चालकों ने बताया कि 25 किलोमीटर के सफर में 2 घंटे से ज्यादा का समय लगता है क्योंकि पुरी रोड गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिसकी वजह से वाहनों की स्पीड भी कम रहती है और हादसे का डर भी रहता है जिसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि यह सड़क सतना सेमरिया रीवा एवं बिरसिंहपुर होकर अन्य गांव के लिए गुजरती है उसके बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस रोड का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है।

लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष बने योगेश योगी

नवभारत न्यूज

नागौद 13 मार्च, शिक्षा एवं सहायता के लिए समर्पित लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन का जिला अध्यक्ष ग्राम सेमरवारा के योगेश योगी किसान को बनाया गया।

फाउंडेशन ने यह नियुक्ति शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सामाजिक जागरूकता एवं खेलों सर्व समाज से जुड़ाव के कारण किया है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर योगी ने शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय संयोजक अमरपाल सिंह जी कमिश्नर भारत सरकार, संरक्षक जे एल वर्मा , संगठन महामंत्री पूरन पटेल , राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर नारायण पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष आर बी एस नरवरिया का आभार व्यक्त किया है।

सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से बधाईयों के साथ साथ, वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारों ने शुभकामनाएं प्रदान की। शुभकामनाएं देने वालों में पद्मश्री बाबूलाल दहिया , विजय शंकर चतुर्वेदी पूर्व उपसंपादक, वरिष्ठ पत्रकार श्रीपाल जैन, पत्रकार अनुपम दहिया, ओमप्रकाश लोधीराज, शिक्षाविद राकेश प्रताप सिंह परिहार, वरिष्ठ समाजसेवी पुष्कर सिंह परिहार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर श्रीराम प्रेस आदि गणमान्य नागरिक रहे।

सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य किए जाने से मोहल्ले वासी नाखुश

नवभारत न्यूज

नागौद 13 मार्च, नगर परिषद कोठी के वार्ड क्रमांक 2 में लुस्सू पाल द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके कारण मोहल्ले वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

मोहल्ले वासियों ने बताया कि इसकी शिकायत भी नगर परिषद पर की गई परंतु किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और नगर परिषद के नाक के सामने और तहसील कार्यालय के बगल से ही शासकीय जमीन पर लुस्सू पाल द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो बेहद ही संवेदनशील है और सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह जिम्मेदारों के सामने ही हो रहा है और सोचने वाली बात है की जिम्मेदार दिलचस्पी क्यों नहीं दिखा रहे हैं क्या चोरी छुपे गुपचुप तरीके से बनाने के लिए कह दिया गया है तभी तो वह दिलेरी के साथ निर्माण कार्य कर रहा है वैसे भी कोठी नगर परिषद पर किसी भी निर्माण कार्य को किए जाने की अनुमति नहीं लेनी पड़ती है शायद यही वजह है कि कोठी नगर परिषद की अधिकांश शासकीय जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा हो गया है और नगर परिषद के सामने ही कई जगह शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर लिया गया है.

नगर परिषद के सामने इसके कई उदाहरण मौजूद हैं परंतु दिलचस्पी किसी भी जिम्मेदार कि नहीं है जबकि स्थानीय लोगों ने कई बार विरोध भी किया है देखना दिलचस्प है की अब आगे क्या होता है क्योंकि कोठी नगर परिषद में कई जगह सरकारी जमीन पर स्थाई और अस्थाई रूप से अधिक्रमण है।

पाला के तीन बच्चों का चयन राष्ट्रीय मींस की परीक्षा में हुआ चयन

नवभारत न्यूज

अमदरा 13 मार्च, केंद्र प्रवर्तित स्कूल शिक्षा विभाग भारत सरकार के निर्देशन में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा दिसंबर माह में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए राज स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय मींस कम मेरिट परीक्षा NMMS में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला की रानी रजक,सोमवती चौधरी, नीरज सिंह ,ने सफलता अर्जित की है.

कार्यक्रम प्रभारी एवं विज्ञान शिक्षक रोहिणी पांडेय ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए इस योजना के तहत सफल विद्यार्थियों को आगामी 4 वर्षों तक 12 हजार रुपए की राशि शासन की ओर से प्रदान की जाएगी. उल्लेखनीय है कि विद्यालय में इस परीक्षा के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाती है. इंटरनेट की सहायता से आईआर पैनल में संचालित कक्षाएं बच्चों के लिए विशेष सहयोगी हो रही जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन हो रहा है . इस पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी जी ने सभी को शुभकामनाएं एवं बहुत सारी बधाइयां देते हुए सभी शिक्षकों के प्रयास की सराहना की तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभ आशीर्वाद प्रदान किया । इस अवसर पर विद्यालय में एक पार्टी का आयोजन किया गया द्य जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक चित्रांश श्रीवास्तव अतुल पांडेय डालचंद अहिरवार साक्षी बिसेन मयंक राघवेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे

सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 13 मार्च, नवांकुर संस्था बद्रीश सेवा संस्थान द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत पालदेव में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबल श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा और विशिष्ट अतिथि कार्तिकेय द्विवेदी भूतपूर्व मण्डल अध्यक्ष विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जड़िया, तुषार बंसल राज्य समन्वयक महा बौद्ध जन स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास केंद्र, सुनील त्रिपाठी वरिष्ठ समाज सेवी राम प्रकाश त्रिपाठी सेक्टर प्रभारी की उपस्थिति मे अतिथियों के माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है. सर्वप्रथम संजू कुमार मिश्रा परामर्शदाता द्वारा उपस्थित समिति सदस्यों को जनअभियान परिषद की मूल अवधारणा और उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक सभी को अवगत कराया। उन्होंने समितियों को सशक्त बनाने के लिए साप्ताहिक बैठकों को अनिवार्यता से करना एवं प्रशिक्षण में उपस्थित नवांकुर सखियों को पूर्व में मिले पौधों का संरक्षण करने के विषय मे बताया गया है.विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जड़िया द्वारा आदर्श ग्राम बनाने योजना बद्ध होकर समग्र ग्राम विकास के लिए ग्राम में जन सूचना केंद्र,संस्कार केंद्र, वाचनालय खोलने, बढ़ते तापमान और प्रदूषण को देखते हुए ग्राम में प्रस्फुटन वाटिका एवं नर्सरी का निर्माण एवं जल संरक्षण,स्वच्छ ग्राम,गौ ग्राम, नशा मुक्त ग्राम को लेकर प्रस्फुटन समितियों को निरंतर कार्य करने के विषय मे बताया गया है. सेक्टर प्रभारी राम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा ग्राम विकास की अवधारणा एवं उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की उसके बाद संजू कुमार मिश्रा द्वारा परिषद द्वारा कराए जा रहे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की महत्ता एवं उपयोगिता के विषयों से उपस्थित जनो को अवगत कराया गया है साथ में समितियों के डॉक्यूमेंटेशन पर विस्तार से चर्चा की गई, इसके साथ में स्ह्लस् डाटा ऐप का डेमोंस्ट्रेशन करके लोगो से चर्चा की गई। एनजीओ के प्रबंधन को लेकर विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जड़िया जी द्वारा जानकारी दी गई .कार्यक्रम संचालन परामर्शदाता संजू कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया और आभार प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुशील गौतम द्वारा किया गया।प्रशिक्षण समापन पश्चात् सभी उपस्थित समिति सदस्यों को प्रशंसा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों एवं नवांकुर सखियों की उपस्थिति में संपन्न किया गया है

भागवत का भाव पूर्ण वर्णन सुनकर भाव विभोर हो गए श्रोतागण

नवभारत न्यूज

कोठी 13 मार्च, रनेही के बरम बाबा आश्रम प्रांगण में गोलोकवासी गौरी शंकर दास महाराज की स्मृति में ग्रामीणों के सहयोग से अयोध्या के कथा व्यास संत विष्णु प्रपन्नाचार्य के मुखारविंद से आयोजित सरस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में आज सती चरित्र ध्रुव चरित्र के साथ जड़ भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन सुनकर उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो गए कथा के दौरान भगवान के भजन में उपस्थित जन समुदाय मंत्रमुग्ध हो गया कथा उपरांत भगवान की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया यह कथा 17 मार्च तक अनवरत चलती रहेगी 18 मार्च को कथा प्रांगण पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा आयोजक मंडल ने समस्त भगवत प्रेमी जनों से कथा श्रवण कर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

क्षमतावर्धन को लेकर अटरा में प्रस्फुटन समितियों को दिया गया प्रशिक्षण

वर्षा की हर बूंद बचाने पेड़ लगाएं : पद्मश्री दाहिया

नवभारत न्यूज

सतना 13 मार्च, कभी रोटी कपड़ा और मकान हमारी जरूरत थी पर आज इन तीनों से अधिक जरूरी पानी और हवा की है। यदि आप चाहते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट से न जूझना पड़े और उन्हें साफ हवा मिले तो इसके लिये आपको ही आगे आना होगा।

विश्वास करें कि यदि आप पे? लगाते हैं तो इन दोनों समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। यह बात जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के लिये लंबे समय से संघर्ष कर रहे पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने उचेहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन अटरा में आयोजित प्रस्फुटन समितियों के एक दिनी क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

बताए गये अधिकार और कर्तव्य: मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर नवांकुर संस्था सर्जना सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद द्वारा यह कार्यक्रम सेक्टर 2 के आदर्श ग्राम अटरा में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पांचों प्रस्फुटन समितियों अमदरी, लालपुर, पथरौधा, अटरा और पिथौराबाद के पदाधिकारी, नवांकुर सखियां तथा गांव के जागरूक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेंटर सतवंत सिंह, हनुमान सिसोदिया, ओमप्रकाश त्रिपाठी तथा नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने प्रतिभागियों को मप्र जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियों के गठन के उद्येश्य, उनके काम और समाज से प्रभावी तरीके से जु?कर गांव समाज के विकास को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्हें कार्यक्रम आयोजन तथा आय-व्यय के दस्तावेजी करण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का समापन पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेंटर ओमप्रकाश त्रिपाठी व आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था कोषाध्यक्ष बलीराम सिंह ने किया।

ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेंटर सतवंत सिंह उचेहरा, हनुमान सिसोदिया परसमनियां, ओमप्रकाश त्रिपाठी अटरा, नवांकुर संस्था सर्जना सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद अध्यक्ष सुरेश दाहिया, कोषाध्यक्ष बलीराम सिंह, नवांकुर सखी माया शुक्ला, अर्चना सिंह, माया लखेर, पुष्पा सोनी, संगीता नामदेव, सावित्री विश्वकर्मा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजकरण सिंह अटरा, इंद्रपाल सिंह पिथौराबाद, सुशीला प्रजापति अमदरी, शैलेन्द्र कोल लालपुर व रामकृष्ण बागरी पथरौधा के साथ ही समितियों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।